# सुरक्षित सामूहिक परिश्रम से नेपा चलते हुए नहीं, बल्कि दौड़ते हुए आगे बढ़ेगा-सीएमडी नरेश सिंह

**उन्नत सुरक्षा के लिए लोगों को संलग्न करें, शिक्षित करें और सशक्त करें थीम के साथ नेपा लिमिटेड में सुरक्षा सप्ताह का समापन**





**दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले**

**बुरहानपुर/नेपानगर।** राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद,नवी मुंबई के दिशा निर्देशन में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अंतर्गत आयोजित सुरक्षा सप्ताह का समापन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कारखाना परिसर स्थित अनाम श्रमिक स्मारक पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर सीएमडी नरेश सिंह ने निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक, मुख्य महाप्रबंधक एवं कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन,उप महाप्रबंधक कार्य एवं वाणिज्य सुरेंद्र मेहता,नेपा ऑफिसर्स स्टाफ एसोसिएशन अध्यक्ष महेंद्र केसरी तथा नेपा मिल्स श्रमिक संघ अध्यक्ष प्रवीण सोनी के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में सीएमडी नरेश सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा की सामूहिक शपथ दिलाते हुए कहा कि सुरक्षित उत्पादन ही सतत प्रगति का आधार है और सभी के सुरक्षित सामूहिक परिश्रम से नेपा लिमिटेड आगे बढ़ते हुए नई गति प्राप्त करेगा। उन्होंने नेपा की माटी और श्रम की परंपरा पर विश्वास व्यक्त करते हुए संस्था के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक ने कहा कि कार्य महत्वपूर्ण है,लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण जीवन है। सुरक्षित कार्यशैली अपनाकर ही औद्योगिक प्रगति को स्थायी बनाया जा सकता है और प्रत्येक कर्मचारी का सुरक्षित रहना ही संस्था की वास्तविक सफलता है। कार्यक्रम के आयोजक मुख्य महाप्रबंधक एवं कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन ने इस वर्ष की थीम उन्नत सुरक्षा के लिए लोगों को संलग्न करें,शिक्षित करें और सशक्त करें पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल नियमों से नहीं,बल्कि जागरूकता,प्रशिक्षण और अनुशासन से मजबूत होती है। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि औद्योगिक संरक्षा विभाग द्वारा वरिष्ठ परामर्शदाता किशन पटेल की संकल्पना के आधार पर सप्ताह भर विभिन्न जागरूकता गतिविधियां,प्रशिक्षण सत्र तथा सुरक्षा नारा प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सीएमडी के तकनीकी सचिव प्रशांत सोनी को प्रथम,प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख को द्वितीय तथा पेपर मशीन के कर्मचारी रमेश चौकसे को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। समारोह में वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार,प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण राजेंद्र जाधव,प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन,प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन मनीषकांत शर्मा,उप प्रबंधक पावर हाउस सीएन वर्मा,उप प्रबंधक पावर हाउस सुधीर कुमार पटले,उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा।

दैनिक भास्कर बुरहानपुर 11-03-2026

# सुरक्षित सामूहिक परिश्रम से नेपा लिमिटेड चलते हुए नहीं, दौड़ते हुए आगे बढ़ेगा : सीएमडी

भास्कर संवाददाता | नेपानगर



राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद नवी मुंबई के दिशा-निर्देश पर केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के तहत आयोजित सुरक्षा सप्ताह का मंगलवार को समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कारखाना परिसर स्थित अनाम श्रमिक स्मारक पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर सीएमडी नरेश सिंह ने अफसर-कर्मचारियों को सुरक्षा की सामूहिक शपथ दिलाई। उन्होंने कहा सुरक्षित उत्पादन ही सतत प्रगति का आधार है। सभी के सुरक्षित सामूहिक परिश्रम से नेपा लिमिटेड आगे बढ़ते हुए नई गति प्राप्त करेगा। वह चलते हुए नहीं, दौड़ते हुए आगे बढ़ेगा।

निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक ने कहा कार्य महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण जीवन है। सुरक्षित कार्यशैली अपनाकर ही औद्योगिक प्रगति को स्थायी बनाया जा सकता है। प्रत्येक कर्मचारी का सुरक्षित रहना ही संस्था की वास्तविक सफलता है। मुख्य महाप्रबंधक और कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन ने इस वर्ष की थीम उन्नत सुरक्षा के लिए लोगों को संलग्न करें, शिक्षित करें और सशक्त करें पर प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी दी। उन्होंने कहा सुरक्षा केवल नियमों से नहीं, बल्कि जागरूकता, प्रशिक्षण और अनुशासन से मजबूत होती है। औद्योगिक संरक्षा विभाग द्वारा वरिष्ठ परामर्शदाता किशन पटेल की संकल्पना के आधार पर सप्ताहभर विभिन्न जागरूकता गतिविधियां, प्रशिक्षण सत्र और सुरक्षा नारा प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सीएमडी के तकनीकी सचिव प्रशांत सोनी को प्रथम, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख को द्वितीय तथा पेपर मशीन के कर्मचारी रमेश चौकसे को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इस दौरान वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण राजेंद्र जाधव, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन मनीष कांत शर्मा, उप प्रबंधक पावर हाउस सीएन वर्मा, उप प्रबंधक पावर हाउस सुधीर कुमार पटले, उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा, विभागाध्यक्ष डीआईपी देवेंद्र महोबे, सुरक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष संजय पवार, अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल, नेपा मिल श्रमिक संघ के प्रधान सचिव अरुण फरकले, विभागाध्यक्ष कर्मचारी संबंध व कल्याण दिनेशचंद्र सोवले, अनीस मंसूरी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

स्वदेश
खंडवा - मुख्य संस्करण
11 Mar 2026 | Page - 11

## नेपा लिमिटेड में सुरक्षा सप्ताह का समापन

# सुरक्षित और सामूहिक परिश्रम से नेपा दौड़ते हुए आगे बढ़ेगा- सीएमडी

स्वदेश समाचार ■ बुरहानपुर

एशिया की पहली अखबारी कागज मिल नेपा लिमिटेड में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के तहत आयोजित सुरक्षा सप्ताह का समापन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कारखाना परिसर स्थित अनाम श्रमिक स्मारक पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

इस अवसर पर सीएमडी नरेश सिंह ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सुरक्षा की सामूहिक शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि, सुरक्षित उत्पादन ही सतत प्रगति का आधार है। सभी के सुरक्षित और सामूहिक परिश्रम से नेपा लिमिटेड केवल चलता नहीं बल्कि दौड़ते हुए आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम में निदेशक (वित्त) प्रदीप कुमार नाइक ने कहा कि, कार्य महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण जीवन है। सुरक्षित कार्यशैली अपनाकर ही औद्योगिक विकास को स्थायी बनाया जा सकता है। वहीं मुख्य महाप्रबंधक एवं कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन ने इस वर्ष की थीम उन्नत सुरक्षा के लिए लोगों को संलग्न करें, शिक्षित करें और सशक्त करें पर प्रकाश डालते हुए सुरक्षा के प्रति जागरूकता और प्रशिक्षण को आवश्यक बताया।



पीआरओ संदीप ठाकरे ने बताया कि औद्योगिक संरक्षा विभाग द्वारा वरिष्ठ परामर्शदाता किशन पटेल की संकल्पना पर सप्ताहभर विभिन्न जागरूकता गतिविधियां, प्रशिक्षण सत्र और सुरक्षा नारा प्रतियोगिता आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में प्रशांत सोनी को प्रथम, कुमार देशमुख को द्वितीय और रमेश चौकसे को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

**ये रहे मौजूद-** कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण राजेंद्र जाधव, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन मनीषकांत शर्मा, उप प्रबंधक पावर हाउस सीएन वर्मा, सुधीर कुमार पटले, स्वतंत्र कुमार कसेरा, डीआईपी विभागाध्यक्ष देवेंद्र महोबे, सुरक्षा विभागाध्यक्ष संजय पवार, अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल, नेपा मिल श्रमिक संघ के प्रधान सचिव अरुण फरकले, कर्मचारी संबंध व कल्याण विभागाध्यक्ष दिनेशचंद्र सोवले, अनीस मंसूरी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नेपा मिल के नए सीएमडी ने अफसर व कर्मचारियों को दिलाई शपथ

# सुरक्षित सामूहिक परिश्रम से नेपा मिल नई गति प्राप्त करेगा : सीएमडी

पत्रिका
पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नेपानगर.** राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद नवी मुंबई के दिशा-निर्देश पर केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के तहत आयोजित सुरक्षा सप्ताह का समापन मंगलवार को हुआ। शुभारंभ कारखाना परिसर स्थित अनाम श्रमिक स्मारक पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर सीएमडी नरेश सिंह ने निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक, मुख्य महाप्रबंधक व कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन, उप महाप्रबंधक कार्य व वाणिज्य सुरेंद्र मेहता, नेपा ऑफिसर्स स्टाफ एसोसिएशन अध्यक्ष महेंद्र केसरी, नेपा मिल्स श्रमिक संघ अध्यक्ष प्रवीण सोनी मौजूद थे।

सीएमडी नरेश सिंह ने अफसर-कर्मचारियों को सुरक्षा की सामूहिक शपथ दिलाते हुए कहा सुरक्षित उत्पादन ही सतत प्रगति का आधार है और सभी के सुरक्षित सामूहिक परिश्रम से नेपा लिमिटेड आगे बढ़ते हुए नई गति प्राप्त करेगा। निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक ने कहा कि सुरक्षित कार्यशैली अपनाकर ही औद्योगिक प्रगति को स्थायी बनाया जा सकता है और प्रत्येक कर्मचारी का सुरक्षित रहना ही संस्था की वास्तविक सफलता है। मुख्य महाप्रबंधक, कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन ने इस वर्ष की थीम उन्नत सुरक्षा के लिए लोगों को संलग्न करें, शिक्षित करें और सशक्त करें पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल नियमों से नहीं, बल्कि जागरूकता, प्रशिक्षण और अनुशासन से मजबूत होती है।


कर्मचारियों ने सामूहिक शपथ ली।


सीएमडी ने दिलाई शपथ।

### स्पर्धा के विजेताओं को किया पुरस्कृत

जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि औद्योगिक संरक्षा विभाग द्वारा वरिष्ठ परामर्शदाता किशन पटेल की संकल्पना के आधार पर सप्ताहभर विभिन्न जागरूकता गतिविधियां, प्रशिक्षण सत्र, सुरक्षा नारा प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सीएमडी के तकनीकी सचिव प्रशांत सोनी को प्रथम, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख को द्वितीय व पेपर मशीन के कर्मचारी रमेश चौकसे को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण राजेंद्र जाधव, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन मनीषकांत शर्मा, उप प्रबंधक पावर हाउस सीएन वर्मा, उप प्रबंधक पावर हाउस सुधीर कुमार पटले, उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा, विभागाध्यक्ष डीआईपी देवेंद्र महोबे, सुरक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष संजय पवार, अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुलए नेपा मिल श्रमिक संघ के प्रधान सचिव अरुण फरकले, विभागाध्यक्ष कर्मचारी संबंध व कल्याण दिनेशचंद्र सोवले, अनीस मंसूरी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नेपा सीएमडी ने कर्मचारियों को दिलाई सुरक्षा की शपथ



● बुरहानपुर / राज न्यूज नेटवर्क

राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद, नवी मुंबई के दिशा निर्देशन में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के तहत आयोजित सुरक्षा सप्ताह का समापन किया गया।

कार्यक्रम में सीएमडी नरेश सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा की सामूहिक शपथ दिलाते हुए कहा कि सुरक्षित उत्पादन ही सतत प्रगति का आधार है और सभी के सुरक्षित सामूहिक परिश्रम से नेपा लिमिटेड आगे बढ़ते हुए नई गति प्राप्त करेगा। निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक ने कहा कि कार्य महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण जीवन है। सुरक्षित कार्यशैली अपनाकर ही औद्योगिक प्रगति को स्थायी बनाया जा सकता है और प्रत्येक कर्मचारी का सुरक्षित रहना ही संस्था की वास्तविक सफलता है। कार्यक्रम के आयोजक मुख्य महाप्रबंधक एवं कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन ने इस वर्ष की थीम उन्नत सुरक्षा के लिए लोगों को संलग्न करें, शिक्षित करें और सशक्त करें पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की पृष्ठभूमि की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल नियमों से नहीं, बल्कि जागरूकता, प्रशिक्षण और अनुशासन से मजबूत होती है। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि औद्योगिक संरक्षा विभाग द्वारा वरिष्ठ परामर्शदाता किशन पटेल की संकल्पना के आधार पर सप्ताह भर विभिन्न जागरूकता गतिविधियां, प्रशिक्षण सत्र तथा सुरक्षा नारा प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सीएमडी के तकनीकी सचिव प्रशांत सोनी को प्रथम, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख को द्वितीय तथा पेपर मशीन के कर्मचारी रमेश चौकसे को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

समारोह में वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण राजेंद्र जाधव, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन मनीषकांत शर्मा, उप प्रबंधक पावर हाउस सीएन वर्मा, उप प्रबंधक पावर हाउस सुधीर कुमार पटले, उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा, विभागाध्यक्ष डीआईपी देवेंद्र महोबे, सुरक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष संजय पवार, अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल, नेपा मिल श्रमिक संघ के प्रधान सचिव अरुण फरकले, विभागाध्यक्ष कर्मचारी संबंध एवं कल्याण दिनेशचंद्र सोवले, अनीस मंसूरी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सुरक्षित सामूहिक परिश्रम से नेपा चलते हुए नहीं, बल्कि दौड़ते हुए आगे बढ़ेगा-सीएमडी नरेश सिंह

## उन्नत सुरक्षा के लिए लोगों को संलग्न करें, शिक्षित करें और सशक्त करें थीम के साथ नेपा लिमिटेड में सुरक्षा सप्ताह का समापन

नेपानगर-आगाज इंडिया-संदीप डाहाट

**राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद, नवी मुंबई के दिशा निर्देशन में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अंतर्गत आयोजित सुरक्षा सप्ताह का समापन किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ कारखाना परिसर स्थित अनाम श्रमिक स्मारक पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर सीएमडी नरेश सिंह ने निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक, मुख्य महाप्रबंधक एवं कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन, उप महाप्रबंधक कार्य एवं वाणिज्य सुरेंद्र मेहता, नेपा ऑफिसर्स स्टाफ एसोसिएशन अध्यक्ष महेंद्र केसरी तथा नेपा मिल्स श्रमिक संघ अध्यक्ष प्रवीण सोनी के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में सीएमडी नरेश सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा की सामूहिक शपथ दिलाते हुए कहा कि सुरक्षित उत्पादन ही सतत प्रगति का आधार है और सभी के सुरक्षित सामूहिक परिश्रम से नेपा लिमिटेड आगे बढ़ते हुए नई गति प्राप्त करेगा। उन्होंने नेपा की माटी और श्रम की परंपरा पर विश्वास व्यक्त



करते हुए संस्था के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक ने कहा कि कार्य महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण जीवन है। सुरक्षित कार्यशैली अपनाकर ही औद्योगिक प्रगति को स्थायी बनाया जा सकता है और प्रत्येक कर्मचारी का सुरक्षित रहना ही संस्था की वास्तविक सफलता है।

कार्यक्रम के आयोजक मुख्य महाप्रबंधक एवं कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन ने इस वर्ष की थीम उन्नत सुरक्षा के लिए लोगों को संलग्न करें, शिक्षित करें और सशक्त करें पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल नियमों से नहीं, बल्कि जागरूकता, प्रशिक्षण और अनुशासन से मजबूत होती है। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि औद्योगिक संरक्षा विभाग द्वारा वरिष्ठ परामर्शदाता किशन पटेल की संकल्पना के आधार पर सप्ताह भर विभिन्न जागरूकता गतिविधियां, प्रशिक्षण सत्र तथा सुरक्षा नारा प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सीएमडी के तकनीकी सचिव प्रशांत सोनी को प्रथम, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख को द्वितीय तथा पेपर मशीन के कर्मचारी रमेश चौकसे को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। समारोह में वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण राजेंद्र जाधव, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन मनीषकांत शर्मा, उप प्रबंधक पावर हाउस सीएन वर्मा, उप प्रबंधक पावर हाउस सुधीर कुमार पटले, उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा, विभागाध्यक्ष डीआईपी देवेंद्र महोबे, सुरक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष संजय पवार, अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल, नेपा मिल श्रमिक संघ के प्रधान सचिव अरुण फरकले, विभागाध्यक्ष कर्मचारी संबंध एवं कल्याण दिनेशचंद्र सोवले, अनीस मंसूरी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने किया तथा आभार औद्योगिक संरक्षा विभाग के वरिष्ठ परामर्शदाता किशन पटेल ने माना।

# नेपा लिमिटेड में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह, सुरक्षित कार्यसंस्कृति पर दिया जोर

नेपानगर। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद, नवी मुंबई के मार्गदर्शन में मनाए गए राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कारखाना परिसर स्थित अनाम श्रमिक स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर सीएमडी नरेश सिंह ने निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक, मुख्य महाप्रबंधक एवं कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन, उप महाप्रबंधक कार्य एवं वाणिज्य सुरेंद्र मेहता, नेपा ऑफिसर्स स्टाफ एसोसिएशन अध्यक्ष महेंद्र केसरी तथा नेपा मिल्स श्रमिक संघ अध्यक्ष प्रवीण सोनी के साथ मिलकर दिवंगत श्रमिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



**सुरक्षित श्रम से ही मिलेगी नेपा को नई रफ्तार-नरेश सिंह-** कार्यक्रम के दौरान सीएमडी नरेश सिंह ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सुरक्षा की सामूहिक शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सुरक्षित कार्य वातावरण किसी भी औद्योगिक इकाई की प्रगति का मूल आधार होता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कर्मचारियों के सुरक्षित और सामूहिक प्रयासों से नेपा लिमिटेड नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगा और विकास की गति तेज होगी। निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक ने कहा कि उत्पादन और कार्य महत्वपूर्ण जरूर है, लेकिन कर्मचारियों का जीवन उससे भी अधिक मूल्यवान है। उन्होंने सभी से सुरक्षित कार्य पद्धतियों को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि औद्योगिक प्रगति तभी सार्थक है जब हर कर्मचारी सुरक्षित रहे।

**जागरूकता, प्रशिक्षण और अनुशासन से मजबूत होती है सुरक्षा व्यवस्था-** मुख्य महाप्रबंधक एवं कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन ने इस वर्ष की थीम 'उन्नत सुरक्षा के लिए लोगों को संलग्न करें, शिक्षित करें और सशक्त करें' पर प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की पृष्ठभूमि बताते हुए कहा कि सुरक्षा केवल नियमों का पालन भर नहीं है, बल्कि इसके लिए जागरूकता, नियमित प्रशिक्षण और अनुशासित कार्यसंस्कृति जरूरी है। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि औद्योगिक संरक्षा विभाग द्वारा वरिष्ठ परामर्शदाता किशन पटेल की संकल्पना के आधार पर पूरे सप्ताह विभिन्न सुरक्षा जागरूकता गतिविधियां, प्रशिक्षण कार्यक्रम और सुरक्षा नारा प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सीएमडी के तकनीकी सचिव प्रशांत सोनी को प्रथम, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख को द्वितीय तथा पेपर मशीन कर्मचारी रमेश चौकसे को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

**बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी रहे उपस्थित-** समारोह में वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण राजेंद्र जाधव, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन मनीषकांत शर्मा, उप प्रबंधक पावर हाउस सीएन वर्मा, सुधीर कुमार पटले, स्वतंत्र कुमार कसेरा, विभागाध्यक्ष डीआईपी देवेंद्र महोबे, सुरक्षा विभागाध्यक्ष संजय पवार, अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल, नेपा मिल श्रमिक संघ के प्रधान सचिव अरुण फरकले, विभागाध्यक्ष कर्मचारी संबंध एवं कल्याण दिनेशचंद्र सोवले, अनीस मंसूरी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने किया तथा आभार औद्योगिक संरक्षा विभाग के वरिष्ठ परामर्शदाता किशन पटेल ने व्यक्त किया।